प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

07.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

ऑपरेशन सिंदूर

भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा कल रात चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर 25 मिनट का था और इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। इन आतंकी ठिकानों में पाकिस्तान के सियालकोट में सरजाल कैंप, महमूना जोया और मरकज तैयबा मुरीदके तथा बहावलपुर में मरकज सुभानल्लाह शामिल थे। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सवाई नाला और मुजफ्फराबाद में सैयद ना बिलाल, कोटली गुलपुर, बिम्बर और कोटली अब्बास में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कल रात एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक चलाया गया।

प्रैस वार्ता में हमले में नष्ट किए गए आतंकवादी स्थल और सैन्य तथा नागरिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए बिना सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की विस्तृत जानकारी दी गई।

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल भविष्य में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने आतंकी शिविरों और भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में उनके शामिल होने का विवरण देते हुए कहा कि आतंकी ठिकानों का चयन विश्वसनीय सूचना और सीमा पार आतंकवाद में उनकी संलिप्तता के आधार पर किया गया था। इस अवसर पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है।

पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए मिसरी ने कहा कि इस कायराना हमले का उद्देश्य जम्मू–कश्मीर में पर्यटन को नुकसान पहुंचाना और जम्मू–कश्मीर तथा देश के अन्य हिस्सों में सांप्रदायिक तनाव को भड़काना था।

मिसरी ने कहा कि रेजिस्टेंस फ्रंट नामक समूह ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है और यह समूह लश्कर–ए–तैयबा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि इस हमले के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह जरूरी समझा गया कि पहलगाम हमले के अपराधियों और षडयंत्रकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाया जाए।

...............................................

<u>मुख्यमंत्री</u>

इस बीच सभी राजनीतिक दलों ने भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की है। आतंकी ठिकानों पर वायु सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सेना को बधाई देते हुए कहा है कि सेना ने सटीक कार्रवाई करते हुए आतंकी ठिकानों को तहस नहस किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता भारतीय सेना के साथ खड़ी है और पहलगाम आतंकी घटना का जिस तरह से सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है उससे भारत की एकता व अखंडता की भावना स्पष्ट होती है।

कांग्रेस नेता व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा है कि देश का हर नागरिक केन्द्र सरकार के साथ खड़ा है और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।

...............................................

<u>प्रतिक्रिया</u>

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई को आतंकवाद के खिलाफ करारा जवाब बताया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई दी है।

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि यह न केवल आतंकी ठिकानों पर सीधा हमला है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश भी है कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलेरेंस की नीति है और आतंकी हमलों का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

...............................................